-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा माँ के साथ मारपीट करने वाले दो बेटो का किया गया चालान। मिशन शक्ति टीम द्वारा सख्त हिदायत देते हुए दी गई चेतावनी।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में बृहद जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम अहिरन खेड़ा में जागरुकता कार्यक्रम किया जा रहा था उसी दौरान वहां की रहने वाली एक महिला ने पुलिस टीम से शिकायत की कि उसके दो बेटे 1. विमल यादव तथा 2. पिंटू यादव, दिनांक 27.09.2025 को मारपीट किए थे जिसके संबंध में मुकदमा लिखा गया था, आज दोनों बेटे फिर से गाली- गलौज कर रहे हैं। मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंच कर दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया तथा दोनों का चालान करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को सख्त हिदायत दी गई तथा महिला को मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने व्यक्तिगत नम्बर दिए गए हैं और उनसे कहा गया कि वह किसी भी आपात स्थिति में कॉल कर सकती हैं।

मिशन शक्ति टीम-

1. चौकी प्रभारी कुरसेजा रोशनी सेंगर
2. म0कां0 ज्योति शुक्ला
3. म0कां0 नैन्सी सिंह
4. म0कां0 हेमलता विमल
5. कां0 मनीष कुमार